

SHRI SHEKAR NAIK LACHMA

Shri Shekar Naik Lachma is the former captain and present member of Indian Blind Cricket team. Shri. Shekar is widely recognized across the nation for his contributions towards Blind Cricket. In 2010, he was made the "Captain" of team India and the Indian team won all the matches under his leadership. Presently, he is also the sports coordinator of Samarthanam Trust for the Disabled, coordinating friendly matches with corporate employees, thereby creating awareness on Blind Cricket.

2. Born on April 07, 1986 in Shimoga, hailing from an economically weak and underprivileged family, Shri Shekar showed keen interest in sports. Though Shekar was blind since birth, he recovered partial vision with a surgery done at the age of 8 years. At the age of 10, Shri Shekar started his schooling in Shri Sharadha Devi blind school at Shimoga. In 1997, he started working towards shaping up his cricket career. In 1998, he was selected for the "State Level Tournament". Shri Shekar got selected to Karnataka team in 2001 to play South Zone tournament, where he scored 249 runs. This gave him a new encouragement to his cricket career.

3. In 2002, Shri Shekar's cricketing career took a new beginning when he got selected to the Indian team for the world cup; he bagged 2 Man of the Match award against Australia and Srilanka. Two years later, for the first time Indian blind cricket team ventured an international visit to Pakistan, where Shri Shekar scored 198 runs against Pakistan match held at Sheikhpur. On the subsequent tour of Pakistan to India, Shri Shekar was awarded "Man of the Series".

4. In 2006 world cup held in Islamabad, Shri Shekar was awarded with "Best Batsman", "Man of the Series" and three "Man of the Match" awards. In 2007 at England, he was rewarded with two "Man of the Match"awards. In 2010, he was made the "Captain" of team India and the Indian team won all the matches. In 2012, Samarthanam in Association with CABI organized first ever Blind T20 world cup which witnessed participation of 9 countries, where he performed excellently, and team India had its glorious victory.

5. In April 2014, Australia landed in India to play bilateral series against India and Shri Shekar scored a marvelous 132 runs from just 62 balls and took India to victory; under his captaincy India won the T20 series and lifted the T20 cup. 2014 was remarkable for Shri Shekar and his team, as they also won the 4thODI blind cricket world cup, making India proud. In 2015, from May 22nd to June 5th Indian Blind Cricket team visited England, played 6 matches (3 ODI's and 3 T20's) and won both the series. In January 2016, Indian team won the Asia Cup held at Kerala. Presently, Shri Shekar has mentored the Indian team for the preparations for the 2nd T 20 world cup.



श्री शेखर नाइक लछमा

श्री शेखर नायक लछमा भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं वर्तमान सदस्य हैं। आपको नेत्रहीन क्रिकेट में अपने अप्रतिम योगदानों के लिए पूरे देश में व्यापक पहचान प्राप्त है। वर्ष 2010 में आपको भारतीय टीम का ''कप्तान'' बनाया गया था तथा आपके नेतृत्व में भारतीय टीम ने सभी मैच जीते हैं। वर्तमान में आप दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समर्थन ट्रस्ट के स्पोर्टस कॉरडीनेटर हैं और कारपोरेट कार्मिकों के साथ दोस्ताना मैचों का समन्वय कर नेत्रहीन क्रिकेट के प्रति जागरूकता बढ़ा रहे हैं।

2. आपका जन्म अप्रैल 07, 1986 में शिलांग में हुआ। आप आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर परिवार से हैं परंतु आपने खेल में गहरी रूचि दिखाई। यद्यपि आप जन्म से ही नेत्रहीन हैं, 08 वर्ष की आयु में सर्जरी की सहायता से आपको आंशिक दृष्टि प्राप्त हुई। 10 वर्ष की आयु में सीमोगा स्थित श्री शारधा देवी ब्लाइंड स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा की शुरूआत की। वर्ष 1997 में आपने अपने क्रिकेट करियर को संवारना शुरू किया। वर्ष 1998 में ''राज्य स्तरीय टूर्नामेंट'' के लिए आपका चयन किया गया। वर्ष 2001 में आपको साउथ जोन टूर्नामेंट के लिए कर्नाटक टीम हेतु चयन किया गया जहां आपने शानदार 249 रन बनाए। इससे आपको अपने क्रिकेट करियर के लिए नव प्रोत्साहन प्राप्त हुआ।

3. वर्ष 2002 में आपके करियर में एक नई शुरूआत तब हुई जब आपको विश्व कप के लिए भारतीय टीम के सदस्य के रूप में चुना गया। आपने आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के विरूद्ध दो बार मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार प्राप्त किए। दो वर्षों के बाद भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम अंतरराष्ट्रीय दौरे पर प्रथम बार पाकिस्तान गई जहां आपने शेखपुर में आयोजित मैच में पाकिस्तान के विरूद्ध 198 रनों की बेमिसाल पारी खेली। इसके बाद पाकिस्तान टीम के भारतीय दौरे पर आपको ''मैन ऑफ द सीरिज'' का पुरस्कार मिला।

4. वर्ष 2006 में इस्लामाबाद में आयोजित विश्व कप में आपको ''बेस्ट बेट्समैन'', "मैन ऑफ द सिरिज'' एवं दो बार ''मैन ऑफ द मैच'' पुरस्कार प्राप्त हुआ। वर्ष 2010 में आपको भारतीय टीम का ''कप्तान'' बनाया गया था तथा भारतीय टीम ने सभी मैच जीत लिये। वर्ष 2010 में सीएबीआई के साथ मिलकर 'समर्थनम' ने पहली बार ब्लाइंड टी 20 विश्व कप का आयोजन किया जिसमें 9 देशों ने भाग लिया। इसमें भी आपने अत्यंत उत्कृष्ट प्रदर्शन किये एवं भारतीय टीम ने स्वर्णिम जीत हासिल की।

5. वर्ष 2014 में आस्ट्रेलिया की टीम द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने हेतु भारत आई एवं आपने महज 62 गेंदो में 132 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर भारत को विजयी बनाया। आपकी कप्तानी में भारत ने टी 20 सीरिज जीत ली तथा टी 20 कप जीता। वर्ष 2014 आपके लिए एवं आपकी टीम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी वर्ष चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय ब्लांइड क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर आपने भारत को गौरान्वित किया। वर्ष 2015 में भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने 22 मई से 05 जून तक इंगलैंड का दौरा किया जिसमें 06 मैच (3 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय एवं 3 टी 20) खेले गए एवं दोनों श्रृंखलाओं में भारत को जीत मिली। वर्ष 2016 में भारतीय टीम ने केरल में आयोजित एशिया कप जीता। वर्तमान में आपने टी 20 विश्व कप की तैयारी हेतु भारतीय टीम को प्रशिक्षित किया।